भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 823
दिनांक 04.02.2026 को उत्तर देने के लिए

गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोग

823. **श्री खलीलुर रहमान:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी में जीवन-यापन करने वाले लोगों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ख) बीपीएल श्रेणी का पिछली बार आकलन किस तिथि को किया गया था;

(ग) क्या पिछली गणना की तुलना में बीपीएल आबादी की संख्या और प्रतिशत में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) बीपीएल श्रेणी में किसी व्यक्ति को शामिल करने का क्या मानदंड है; और

(ङ) सरकार द्वारा बीपीएल श्रेणी से लोगों को उबारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (घ) वर्ष 2021 में, भारत सरकार ने गरीबी के आकलन के लिए राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) नामक एक व्यापक सूचकांक विकसित किया, जो 12 संकेतकों को शामिल करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर जैसे आयामों में व्याप्त अतिव्यापी अभावों को दर्शाता है। इस सूचकांक का दूसरा संस्करण 2023 में जारी किया गया। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: प्रगति समीक्षा 2023 के अनुसार, 2015-16 और 2019-21 के बीच बहुआयामी गरीबी में जनसंख्या का अनुपात 24.85% से घटकर 14.96% हो गया, जो इस बात को दर्शाता है कि इस अवधि के दौरान लगभग 13.5 करोड़ लोग गरीबी से मुक्त हुए। इसके अलावा, नीति आयोग द्वारा

प्रकाशित चर्चा पत्र '2005-06 से भारत में बहुआयामी गरीबी' के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी के 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो दर्शाता है कि इस अवधि के दौरान 24.82 करोड़ लोग गरीबी से मुक्त हुए। इसका विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और इसे https://www.niti.gov.in/sites/default/files/2023-08/India-National-Multidimentional-Poverty-Index-2023.pdf

https://www.niti.gov.in/sites/default/files/2024-01/MPI-22_NITI-Aayog20254.pdf पर देखा जा सकता है।

(ङ) सरकार ने बहुआयामी गरीबी को कम करने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की है; जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई), प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण), प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), पीएम उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), जल जीवन मिशन (जेजेएम), प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) एवं पीएम विश्वकर्मा इत्यादि शामिल हैं।

******